## प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद की 199–जसवन्तनगर, 200–इटावा एवं 201–भरथना (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण–2026 के संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है जिसमें 06 जनवरी, 2026 से दिनांक 06 मार्च, 2026 तक दावे आपत्तियाँ प्राप्त की जायेगी तदुपरान्त दिनांक 10 अप्रैल, 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसका कार्यक्रम का विवरण निम्नवत् है :–

| Sr No | Activities | Schedule |
|---|---|---|
| 1 | Period for filing claims & objections | 06.01.2026 to 06.03.2026 |
| 2 | Notice Phase decision on Enumeration Forms and disposal of claims and objections | 06.01.2026 to 27.03.2026 |
| 3 | Checking of health parameters | By 03-04-2026 |
| 4 | **Final Publication of Electoral Roll** | **On 10.04.2026** |

2–विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण–2026 के दौरान दिनांक 04 नवम्बर, 2025 से दिनांक 26 दिसम्बर, 2025 तक बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाताओं को वितरण एवं वापस भरकर गणना प्रपत्र डिजीटाइट, अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट तथा नो मैपिंग किये गये मतदाताओं का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार विवरण :–

| AC No. & Name | Total No. of polling Stations (PS) | Total EFs Distributed | Total EFs Digitized | ASDD 27-12-2025 | Digitized & ASDD Total | Total Mapped Date 27-12-2025 08-00AM | Mapping % | No Mapping 27-12-2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 199-Jaswant Nagar | 452 | 398702 | 337251 | 61455 | 398706 | 288681 | 85.60 | 48570 |
| 200-Etawah | 420 | 418791 | 313191 | 105610 | 418801 | 259195 | 82.76 | 53996 |
| 201-Bharthana | 470 | 412138 | 346171 | 65975 | 412146 | 311237 | 89.91 | 34934 |
| Grand Total : | **1342** | **1229631** | **996613** | **233040** | **1229653** | **859113** | **86.20** | **137500** |

3– मतदेय स्थल सम्भाजन के उपरान्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान केन्द्रों, मतदेय स्थलों, पदाभिहित अधिकारियों की संख्या, बी0एल0ओ0 तथा बी0एल0ओ0 सुपरवाइजर का विवरण :–

| क्र0 सं0 | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम | मतदान केन्द्रों की संख्या | मतदेय स्थलों की संख्या | पदाभिहित अधिकारियों की संख्या | बी0एल0ओ0 की संख्या | बी0एल0ओ0 सुपरवाइजरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 199–जसवन्तनगर | 337 | 483 | 337 | 483 | 56 |
| 2 | 200–इटावा | 242 | 458 | 242 | 458 | 52 |
| 3 | 201–भरथना (अ0जा0) | 365 | 496 | 365 | 496 | 57 |
| | कुल योग | 944 | 1437 | 944 | 1437 | 165 |

4– जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी, 2026 को निर्वाचक नामावली में विद्यमान मतदाताओं का विवरण :–

| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम | पुरूष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| 199–जसवन्तनगर | 186010 | 151228 | 12 | 337250 |
| 200–इटावा | 170663 | 142526 | 3 | 313192 |
| 201–भरथना (अ0जा0) | 191886 | 154283 | 2 | 346171 |
| योग :– | **548559** | **448037** | **17** | **996613** |



Scanned with OKEN Scanner

5– जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अन्तिम प्रकाशन दिनांक 10 अप्रैल, 2026 को निर्वाचक नामावली में विद्यमान मतदाताओं का विवरण :–

| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम | पुरूष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| 199–जसवन्तनगर | 193683 | 157814 | 11 | 351508 |
| 200–इटावा | 182338 | 155115 | 6 | 337459 |
| 201–भरथना (अ0जा0) | 199819 | 161848 | 2 | 361669 |
| योग :– | **575840** | **474777** | **19** | **1050636** |

- SIR–2026 का प्रथम चरण 04.11.2025 से 26.12.2025 तक कार्यान्वित किया गया, जिसके अन्तर्गत गणना प्रपत्रों (E.F) का वितरण, डिजिटाईजेशन, अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट (ASDD) मतदाताओं का चिहनीकरण तथा वर्ष–2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य किया गया। यह समस्त कार्य बी0एल0ओ0 द्वारा बी0एल0ओ0 ऐप से सम्पादित किया गया।
- प्रथम चरण के दौरान जनपद के समस्त 1437 बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा वर्ष–2025 की मतदाता सूची के समस्त 1229631 मतदाताओं को घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण सुनिश्चित कराया गया।
- BLO द्वारा घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों को एकत्रित किया गया, जिसमें 996613 (81.05%) मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र वापस प्राप्त कराये गये, जिसे बी0एल0ओ0 ऐप द्वारा डिजिटाइज किया गया। वर्ष–2003 की निर्वाचक नामावली से 436318 मतदाताओं द्वारा "Self" तथा 422795 मतदाताओं द्वारा "Progeny" के रूप में मैपिंग की गई तथा 137500 मतदाताओं की वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली से मैपिंग नहीं हो पाई। इस प्रकार कुल डिजिटाइजेशन के सापेक्ष 86.20% मैपिंग हुयी तथा नो मैपिंग मतदाताओं का प्रतिशत (13.80%) रहा।
- BLO द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण एवं प्राप्ति के समय 233018 मतदाता ASDD के रूप में चिन्हित किये गये जो दिनॉक 06.01.2026 को आलेख्य निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही किये गये, यह कुल 1229631 मतदाताओं का 18.95 प्रतिशत है।
- SIR–2026 का द्वितीय चरण 06.01.2026 से 27.03.2026 तक कार्यन्वित किया गया। जिसके अन्तर्गत 06.01.2026 से 06.03.2026 तक दावे एवं आपत्तियॉं प्राप्त की गयी तथा दिनांक 06.01.2026 से 27.03.2026 तक "नो मैपिंग" तथा "लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी" मतदाताओं को नोटिस निर्गत कर सुनवाई का कार्य तथा दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया गया। साथ ही नये मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य भी किया गया।
- जनपद इटावा में कुल 264134 नोटिस निर्गत की गयी जिसमें 126634 नोटिस Logical Discrepancy के अन्तर्गत एवं 137500 नोटिस No Mapping के अन्तर्गत निर्गत की गयी।
- ERO/AERO द्वारा बी0एल0ओ0 के माध्यम से सम्बन्धित मतदाता अथवा अधिकृत व्यक्ति को नोटिस प्राप्त कराते हुए आयोग द्वारा अनुमोदित कुल 145 AERO द्वारा नोटिस सुनवाई हेतु चयनित स्थानों पर निर्धारित दिनांक एवं समय पर तथा मतदाता के घर–घर पहुचकर आवश्यक अभिलेखों को प्राप्त कर सुनवाई पूर्ण की गयी।
- जनपद में कुल 264134 नोटिसों की सुनवाई के दौरान 7166 मतदाता ASDD श्रेणी में होने के कारण अपात्र किये गये। ऐसे मतदाताओं का प्रतिशत आलेख्य प्रकाशन में विद्यमान मतदाता (996613) का 0.71 प्रतिशत है। शेष मतदाताओ (989443) को निर्वाचक नामावली में "पार्क फॉर फाइनल" किया गया है।
- जनपद में 07 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल सकिय है जिसके द्वारा कुल–3597 बूथ लेबिल एजेन्ट नियुक्त किये गये तथा आयोग के निर्देशों के कम में जनपद स्तर पर सप्ताहिक बैठके कुल–17 तथा विधानसभा स्तर पर प्रति विधानसभा क्षेत्र में कुल–05–05 बैठके आयोजित कर SIR–2026 की अद्यतन जानकारी दी गयी तथा SIR अवधि में प्राप्त होने वाले फार्म–6,7,8 की सूची आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप–9,10,11,11ए एवं 11बी पर प्राप्त कराई जाती रही है। 6
- विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन दिनॉक 06.01.2026 से दिनांक 06.03.2026 तक एवं आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान में जनपद में फार्म–6 के माध्यम से 61319 मतदाताओं को सम्मिलित किया गया।
- विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के दिनॉक 06.01.2026 से दिनांक 06.03.2026 तक जनपद में फार्म–7 के माध्यम से 8644 मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से विलोपित किये गये।
- विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के दिनॉक 06.01.2026 से दिनांक 06.03.2026 तक जनपद में फार्म–8 के माध्यम से 15393 मतदाताओं का वर्तमान में संशोधन एवं स्थानान्तरण जनपद/भाग संख्या/मतदेय स्थल में किया गया।
- SIR-2026 प्रक्रिया के दौरान निर्वाचक नामावली के स्वास्थ्य मापडण्डों पर भी कार्य किया गया है। Pre SIR 2025 दिनांक 27.10.2025 को जनपद का जेण्डर रेशियों 863 था जो आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06.01.2026 को जनपद का जेण्डर रेशियों 817 रह गया, जिस पर आयोग के निर्देशों के अनुसार पात्र महिला मतदाताओं को पंजीकृत किये जाने हेतु विशेष ड्राइव चलायी गयी जिस कारण दिनांक 27.03.2026 को जेण्डर रेशियों अब बढ़कर 824 हो गया है इस प्रकार जेण्डर रेशियो में 07 अंकों की बढ़ोत्तरी हुई है।



Scanned with OKEN Scanner

- आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06.01.2026 को निर्वाचक नामावली में 18–19 आयुवर्ग के 2619 मतदाता दर्ज थे जो जनपद की अनुमानित जनसंख्या के सापेक्ष 0.26 प्रतिशत था जिस पर आयोग के निर्देशों के अनुरूप कालेजो, विद्यालयों में विशेष कैम्प लगाकर तथा मोटीवेसन करके पात्र 18–19 आयुवर्ग के मतदाताओं को पंजीकरण किये जाने हेतु फार्म–6 भरवाये गये जिस कारण 18–19 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या बढ़कर दिनांक 27.03.2026 को 13492 (1.28 प्रतिशत) हो गयी है इस प्रकार 1.03 प्रतिशत की वढ़ोत्तरी हुई है।
- आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06.01.2026 को निर्वाचक नामावली में जनपद का ई0पी0 रेशियो 51.82 प्रतिशत था जो दिनांक 27.03.2026 को बढ़कर 54.63 हो गया है इस प्रकार 2.81 प्रतिशत की वढ़ोत्तरी हुई है।

इस प्रकार विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण–2026 में मतदाता सूची को त्रुटिरहित, समावेशी एवं अद्यतन करने का कार्य किया गया है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देखने के लिये निम्न प्रकिया अनुसार देख सकते है :–

1. बेवसाइट etawah.nic.in पर DEO Portal Special Intensive Revision Final Roll Publication Without Photo 10-04-2026 पर **विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण–2026 अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली** पर क्लिक करके मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है।
2. मतदाता अपने मोबाइल से वोटर हेल्प लाइन (Voter Help Line App) मोबाइल फोन के प्ले स्टोर पर जा कर डाउनलोड कर अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है।
3. मतदाता को सूची ऑफलाइन देखने हेतु अपने बूथ लेवल आफिसर, पदाभिहित स्थल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, इटावा तथा समस्त मतदेय स्थलों पर जन सामान्य के निरीक्षण हेतु अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली एक सप्ताह तक निःशुल्क देख सकते है।

/

(शुभ्रान्त कुमार शुक्ल)
जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
इटावा।

# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, इटावा।

Phone: 05688-250026, 254538,9454418063 Email-adeo-etw@nic.in

पत्र संख्या 695/29–निर्वा0/विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण/अन्तिम प्रकाशन/प्रेस विज्ञप्ति/2026 दिनांकः 10 अप्रैल, 2026

प्रतिलिपिः–मुख्य निर्वाचन अधिकारी, महोदय उ0प्र0 लखनऊ को सादर सूचनार्थ।

2–आयुक्त महोदय, कानपुर मण्डल कानपुर को सादर सूचनार्थ।

3–अध्यक्ष/मंत्री, समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दल जनपद इटावा को सूचनार्थ।

4–समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जनपद इटावा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5–उप जिलाधिकारी, सैफई, ताखा एवं चकरनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6–सहायक निदेशक सूचना, इटावा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को जनपद के समस्त दैनिक समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें।

10 April 2026

जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
इटावा।



Scanned with OKEN Scanner